309.निम्न में से कौन-सा एक राजस्थान में अफोर्डेबल हाऊसिंग पॉलिसी 2009 के बारे में सही नहीं है?

(a) प्रारम्भ में आने वाले पाँच सालों में एक लाख मकान निर्माण का लक्ष्य रखा गया।

(b) लक्षित मकानों के निर्माण में से चालीस प्रतिशत राजस्थान आवासन मण्डल एवं बचे हुए मकान सरकारी - निजी भागीदारी एवं स्थानीय निकायों द्वारा निर्मित किये जायेंगे।

(c) नीति में केवल शहरी क्षेत्रों को रखा गया है।

(d) नीति की क्रियान्विति सम्बन्धी निर्णयों के लिए नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री की अध्यक्षता में गठित शक्ति प्राप्त समिति का गठन किया गया है।

उत्तर – (a)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – राजस्थान राज्य में अफोर्डेबल हाऊसिंग पॉलिसी 2009 के द्वितीय चरण की शुरुआत की गयी। इस योजना को राजस्थान आवास विकास और अवसंरचनात्मक निगम द्वारा चलाया गया जो सम्पूर्ण मकान के 40% तक निर्माण करेगी बाकी का निर्माण निजी भागीदारी एवं स्थानीय निकाय द्वारा किया जाएगा। यह योजना केवल शहरी क्षेत्रों के लिए है। इस पालिसी के तहत प्रारम्भ में आने वाले 5 वर्षो में 1,25,000 मकान निर्माण का लक्ष्य रखा गया है।

310.निम्नलिखित में से राजस्थान रत्न-2013 से सम्मानित व्यक्तियों की कौन-सी सूची सही है?

(a) लक्ष्मी कुमारी चूंडावत, डी. आर. मेहता, जसदेव सिंह और स्वर्गीय हसरत जयपुरी

(b) स्वर्गीय गवरी देवी, स्वर्गीय कैलाश साँखला, पंडित राम नारायण और स्वर्गीय नगेन्द्र सिंह

(c) स्व. हसरत जयपुरी, लक्ष्मी कुमारी चूंडावत और कृपाल सिंह शेखावत

(d) स्वर्गीय गवरी देवी, माँगी देवी, पंडित रामनारायण और स्वर्गीय नगेन्द्र सिंह

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – सितम्बर, 2013 को प्रदेश की 7 हस्तियों को राजस्थान रत्न से सम्मानित किया गया। इनमें डी. आर. मेहता व जयदेव सिंह (समाज सेवा), पं. राम नारायण (वादन कला), स्व. हसरत जयपुरी (कला/साहित्य)। स्व. गवंरी देवी, स्व. कैलाश सांखला, स्व. हसरत जयपुरी थे।

3 अक्टूबर 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान रत्न पुरस्कार की घोषणा की। राजस्थान रत्न पुरस्कार 2022 से 6 विभूतियों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2022 का राजस्थान रत्न पुरस्कार से न्यायमूर्ति दलवीर भूंडारी, न्यायमूर्ति आर.एम.लोढ़ा उद्योगपति अनिल अग्रवाल, उद्योगपति एल.एन. मित्तल उर्दू शायर शनी काफ निजाम, निर्माता केसी मालू को सम्मानित किया गया।

311. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को राज्य में लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार ने राजस्थान में विज्ञान केन्द्र और विज्ञान पार्क स्थापित किये हैं। उन सही स्थानों को पहचाने जहाँ पर विज्ञान पार्क अब तक स्थापित किये गए हैं :

(a) जयपुर, जोधपुर, कोटा

(b) जयपुर, बीकानेर, झालरापाटन (झालावाड़)

(c) जयपुर, नवलगढ़, झालरापाटन (झालावाड़)

(d) जयपुर, नवलगढ़, कोटा

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2016

व्याख्या- राजस्थान में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार द्वारा जयपुर, नवलगढ़, झालरपाटन (झालावाड़) में विज्ञान केन्द्र और विज्ञान पार्क स्थापित किया गया है। अतः प्रश्नगत विकल्प (c) सत्य है।

312. कौन सा सुमेलित नहीं है?

जिला		**शुभंकर**
(a) भीलवाड़ा	–	मोर
(b) चुरू	–	कृष्ण मृग
(c) सवाई माधोपुर	–	शेर
(d) जैसलमेर	–	गोडावण

उत्तर (c)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- सही सुमेलित है–

जिला		**शुभंकर**
(a) भीलवाड़ा	–	मोर
(b) चुरू	–	कृष्ण मृग
(c) सवाई माधोपुर	–	बाघ
(d) जैसलमेर	–	गोडावण

राजस्थान के कुछ अन्य जिलों के शुभंकर इस प्रकार हैं– अजमेर (खरमोर), अलवर (सांभर), चित्तौड़गढ़ (घौसिंगा), जालौर (भालू), झालावाड़ (गागरोनी तोता), जोधपुर (कुरंजा), करौली (घड़ियाल), कोटा (उदबिलाव), नागौर (राजहंस), प्रतापगढ़ (उड़न गिलहरी), श्री गंगानगर (चिंकारा), उदयपुर (कब्र बिज्जू) इत्यादि।